आस्था

45 पैसे से 45 हजार तक का सफर

# पनागर के नगर सेठानी का 107 साल का इतिहास





**पनागर, नवभारत।** बड़े स्कूल के बाजू से बाजार जागृति दुर्गोत्सव समिति की स्थापित होने वाली माता दुर्गा की प्रतिमा का इतिहास 107 वर्ष पुराना है। यह प्रतिमा आज भी आस्था का केंद्र बनी हुई है और इसे पूरे नगर में पनागर की नगर सेठानी के नाम से जाना जाता है।

### 45 पैसे से 45 हजार तक का सफर

इस उत्सव की सबसे दिलचस्प बात प्रतिमा के निर्माण खर्च में आया भारी अंतर। स्थानीय लोगों के अनुसार, 107 वर्ष पहले जब पहली बार यह प्रतिमा कारीगर द्वारा बनाई गई थी, तो इसका खर्च मात्र 45 पैसे आया था। वहीं, आज 2025 में, उसी परंपरा के तहत बनने वाली माता की प्रतिमा का निर्माण खर्च 45, हजार रुपए तक पहुँच गया है।मिट्टी की पट्टी और ईंटों पर रखी गई थी पहली प्रतिमा,कंधे पर ले जाकर करते थे विसर्जन। पनागर के बुजुर्ग बताते थे कि 107 साल पहले जब यहां के रहवासियों ने प्रतिमा रखने का निर्णय लिया,तो यह आयोजन बेहद सादगीपूर्ण था। पहली बार जब प्रतिमा रखी गई थी, तो इसके लिए ना कोई मंच बना था और ना ही पंडाल। मुख्य रामलीला हुआ करता था,प्रतिमा को मिट्टी का ठीहा और ईंटों के ऊपर रखा गया था और विसर्जन के लिए उसे कंधे पर बल्लियां रस्सी से बांधकर ले जाया जाता था। शाम होते ही ग्राम के लोग मिट्टी तेल की डिबिया बनाकर ग्राम को रोशन करते थे । साथ ही तिरपाल, बल्लियां लगाकर बुजुर्ग जनों द्वारा माता की आरती और प्रतिदिन कन्या भोजन तथा वैदिक मंत्र उच्चारण स्वर्गीय सूरज प्रसाद व्यास द्वारा आयोजन करते थे । इस आयोजन में ग्राम के सभी लोग एकत्रित होकर माता की भक्ति में लीन हो जाते थे । स्वर्गीय रामप्रसाद पटेल,रामप्रसाद ताम्रकार, झामसिंह लखेरा, नारायण ताम्रकार,बद्री ताम्रकार,हुब्बी लखेरा,कंधी लाल बुधवानी,सीताराम सोनी, केशलाल पटेल, और भोलेराम ताम्रकार सुदर्शन सराफ जैसे नगर के प्रतिष्ठित लोगों ने इस परंपरा की शुरुआत की थी।

### महिलाओं द्वारा 11 वर्षों से की जा रही सुहागलें

मातारानी के पंडाल के सामने रोजाना आरती के साथ ही वैदिक पूजन पाठ में सभी महिलाएं, पुरूष और बच्चों का जुड़ाव, नगर में एक अनोखी छटा का माहौल निर्मित करता है। जाग्रति दुर्गा उत्सव समिति में महाआरती के साथ 81 महिलाओं ने सुहागलों का आयोजन किया। पिछले 11 वर्षों से यहां दुर्गा पंडाल में नवरात्रि के दौरान सुहागलें होती आ रहीं हैं। महाआरती और सुहागल कार्यक्रम महिलाएं बैठकी से तैयारी में लग जाती है ।

### आज भी जारी है भव्यता, मनमोहक, झांकियां

बुजुर्गों द्वारा शुरू की गई यह परंपरा आज भी पूरी श्रद्धा और भव्यता के साथ निभाई जा रही है। रावण दहन हर वर्ष किया जाता है वर्तमान में कोमल सिंह पटेल (अध्यक्ष), लल्लू राम ताम्रकार (उपाध्यक्ष), विजय सोनी (कोषाध्यक्ष) और सुधेश सराफ (सचिव), नितिन गौतम ( मीडिया प्रभारी ), राम गुप्ता वैभव ( सोशल मीडिया प्रभारी ) समेत पूरी समिति इस आयोजन को भव्य रूप देने में जुटी है। आज प्रतिमा स्थल पंडाल पर मनमोहक झांकियां व साज-सज्जा का आविष्कार किया जाता है। इस भव्य आयोजन को देखने के लिए पनागर सहित दूर-दराज के क्षेत्रों से श्रद्धालुओं का ताँता लगा रहता है।

# खम्हरिया में विराजित 64 फीट की प्रतिमा आकर्षण का केंद्र

▸ दूर दूर से पहुंच रहे भक्त



**सिहोरा नवभारत।** सिहोरा तहसील केअंतर्गत आने वाले गोसलपुर के निकटवर्ती ग्राम खम्हरिया कटरा में पंडित रवि महाराज द्वारा पिछले पांच वर्षों से स्वयं अपने हाथ से व अन्य सहयोगियों के माध्यम से विशाल मूर्ति का निर्माण किया जाता है जो खेतों की शुद्ध मिट्टी पुवाल बांस बल्ली के सहारे पर्यावरण व जल प्रदूषण को ध्यान में रखते हुए बनाई जाती है । पंडित रवि महाराज बताते हैं की उन्हें माता रानी से प्रेरणा मिली थी तब से स्वयं अपने हाथों से इतनी विशाल प्रतिमा का निर्माण कर पाते हैं जिसमें गांव व मोहल्ले के सहयोगी बढ़-चढ़कर सहयोग प्रदान करते हैं इस साल तीज के दिन यह प्रतिमा स्थापित की गई है ,जो शरद पूर्णिमा के दिन स्थापित स्थल पर ही वैदिक विधि विधान मंत्र उच्चारण के साथ विसर्जन होगा । खेरमाता के इस प्रांगण में रखी इस प्रतिमा को देखने जबलपुर समेत अन्य जिलों के लोग बड़ी संख्या में दर्शन पाने पहुंच रहे हैं । प्रतिमा को बनाने में लगभग 1 मा 5 दिन का समय लगा जो 64 फीट ऊंची बनाई गई है । यहां धार्मिक अनुष्ठान चल रहे हैं। बड़ी संख्या में लोग सच्चे मन से श्रद्धा भाव के साथ माता महाकाली के दर्शन करने भक्त पहुंच रहे हैं।

# मां नर्मदा दर्शन पदयात्रा का सामुदायिक भवन में हुआ स्वागत



▸ कटाव धाम से निकली है यात्रा

**पाटन।** सामुदायिक भवन पाटन में रविवार को मां नर्मदा दर्शन पद यात्रा का आदिवासी संगठन, समस्त गोंड समाज के द्वारा स्वागत किया गया। मां नर्मदा दर्शन पदयात्रा कटाव धाम की पावन धरा से शुरू हुई है 26 सितंबर से यह यात्रा 28 सितंबर तक चली। आगमन पाटन सामुदायिक भवन में हुआ था जहां पर आदिवासी समाज और समस्त गोंड समाज के द्वारा कार्यकर्ताओं का स्वागत किया गया। इसके बाद पूजा अर्चना के बाद यात्रा एक बार फिर शुरू हुई जो की मां नर्मदा सरस्वती घाट में पहुंचेगी। गौरतलब है कि लगभग 4 साल से मां नर्मदा दर्शन पद यात्रा का आयोजन समस्त गोंड समाज के द्वारा किया जाता है। कार्यक्रम में जयसिंह कढ़ोपा,जगदीश इरपचा रंजीत सिंह पार्षद, बेड़ीलाल उत्तम सिंह चापोद ,अज्जू सिंह,छोटेलाल पंचम दादा, राहुल सिंह, योगीराज और आदिवासी समाज और गोड समाज के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# पाटन मंडी ने सरसों बगैर अनुज्ञा पत्र के परिवहन करते हुए पकड़ा वाहन



**पाटन, नवभारत।** पाटन मंडी ने कृषि उपज सरसों बगैर अनुज्ञा पत्र के परिवहन करते हुए वाहन पकड़ा। शाहिद खान अपर कलेक्टर/ संयुक्त संचालक,म. प्र .राज्य कृषि विपणन बोर्ड,आंचलिक कार्यालय, जबलपुर द्वारा दिए गए निर्देशानुसार कृषि उपज मंडी समिति पाटन क्षेत्र में मंडी सचिव सुनील पांडे द्वारा कटंगी में वाहन क्रमांक एमपी 20 ब्र 6835 मैं अधिसूचित कृषि उपज अवैध परिवहन होने की सूचना प्राप्त होने पर रोका गया वाहन में सरसों 65 कुंतल गढ़ाकोटा मंडी के व्यापारी पारस ट्रेडर्स के यहां से लोड होकर केसरी ब्रदर्स बरेला जबलपुर जा रही थी लेकिन वाहन चालक के पास सरसों का अनुज्ञा पत्र नहीं होने तथा सरसों के स्थान पर मटर का अनुज्ञा एवं बिल प्रस्तुत करने सरसों के कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने के कारण कृषि उपज का अवैध परिवहन प्रमाणित होने पर उक्त उपज का बगैर अनुज्ञा पत्र से परिवहन करने पर कर अपवंचन की दशा में प्रकरण पंचनामा तैयार कर वाहन को मंडी प्रांगण में लाया गया।जिस पर आगामी कार्यवाही करते हुए 65 क्विंटल सरसों पर मंडी अधिनियम 1972 की धारा के तहत 30350 की राशि वसूलकर मंडी में जमा कराए गए।

## 307.28 करोड रुपए की आय अर्जित

**जबलपुर ।** जबलपुर रेल मंडल ने पश्चिम मध्य रेलवे के तीनों मंडलों में मालगाड़ियो द्वारा माल ढुलाई करके सर्वाधिक वाणिज्यिक आय अर्जित किया है। मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा के मार्गदर्शन में एवं वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा के नेतृत्व में वाणिज्य विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा आपसी समन्वय से कार्य करते हुए रेल राजस्व बढ़ाने के लिए लगातार किये जा रहे इन प्रयासों के परिणामस्वरूप चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के पांचवें माह ( 01 अगस्त 2025 से 31 अगस्त 2025) में कुल 3.29 मिलियन टन माल लदान से मंडल को राशि 307 .28 करोड़ रूपये से अधिक का रिकॉर्ड राजस्व प्राप्त हुआ है।

# मन्नत वाली महाकाली के दर्शनार्थ उमड़ रही भारी भीड़



**जबलपुर, नवभारत।** मनोकामनाओं की मां महाकाली, मन्नत वाली महाकाली, आजादनगर ,रांझी जबलपुर के दर्शनार्थ को भारी भीड उमड रही हैं। संस्कारधानी के कोने-कोने से और आसपास के जिलों के दूर-दूर से श्रद्धालु मन्नत वाली महाकाली के दरबार में दर्शन के लिए पहुंच रहे है । यह ऐसा दरबार है जहां प्रतिमा वो भक्त दान देता है जिसकी मनोकामना पूर्ण हुई हैं। मन्नत वाली महाकाली के सेवादार दिन रात सेवाएं देते हैं।



# 967 बूथों पर सुनी गई प्रधानमंत्री के मन की बात

**नवभारत,जबलपुर।** भारतीय जनता पार्टी जबलपुर महानगर के नेता, कार्यकर्ताओं ने शहर के सभी 967 बूथों में रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ''मन की बात'' कार्यक्रम को सुना। भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने बताया कि ''मन की बात'' कार्यक्रम को लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने पश्चिम विधानसभा के रानी दुर्गावती वार्ड में बूथ क्रमांक 53 के अंतर्गत आनंद कुंज केवट मोहल्ला में, राज्यसभा सांसद सुमित्रा वाल्मीकि ने आचार्य श्री विद्यासागर मंडल के बूथ क्रमांक 88 अंतर्गत गुरु तिराहा स्थित दिलीप दुबे के निवास पर, सांसद आशीष दुबे ने विवेकानंद मंडल के बूथ 231 में राइट टाउन स्थित अखिलेश जैन के निवास पर, महापौर जगतबहादुर सिंह अन्नू ने नर्मदा मंडल के बूथ 110 अंतर्गत गोरखपुर में, विधायक अशोक रोहाणी वीर सावरकर मंडल के बूथ 36 अंतर्गत उदय नगर में, विधायक अभिलाष पांडे ने दीनदयाल मंडल अंतर्गत वार्ड के बूथ में एवं भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के साथ पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता-स्थानीय जनो के साथ सुना ।

# पूर्व मुख्यमंत्री को मंदिर में जाने से रोका जाना मौलिक अधिकारों का हनन : कांग्रेस

**जबलपुर, नवभारत ।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष (ओबीसी विभाग),पूर्व प्रदेश प्रवक्ता मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी टीकाराम कोष्टा ने कहा कि मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को इंदौर में शीतला माता के मंदिर में जाने से रोका जाना भारतीय संविधान में प्रदत्त अधिकारों का हनन है जिसकी जितनी भी निंदा की जाए वह कम है प्रदेश का शासन प्रशासन व्यवस्था देने में असमर्थ क्यों रहा, यह भेदभाव क्यों कर रहा है? उन्होंने बताया कि इंदौर शहर में पूर्व मुख्यमंत्री से वहां के कुछ व्यापारी समूह ने बताया कि हमारे साथ भेदभाव किया जा रहा है शासन प्रशासन चुप है इंदौर में एक समुदाय के लोगों को जो 25,30 साल से दुकानों चला रहे हैं। दुकानों में जो सेल्समैन काम कर रहे हैं उन्हें निकाले जाने की चेतावनी दी जा रही हैं। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष (ओबीसी विभाग) पूर्व प्रदेश प्रवक्ता मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी टीकाराम कोष्टा, प्रदेश महासचिव रामदास यादव, प्रदेश कोऑर्डिनेटर (ओबीसी विभाग )अलीम मंसूरी विजय अग्रवाल राजेश पटेल डॉक्टर मोइन अंसारी मामूर गुड्डू अशोक यादव अशोक चौधरी संजू शर्मा आदि ने मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को शीतला माता मंदिर में जाने से रोकने वालों के खिलाफ कार्यवाही की मांग प्रदेश शासन से की है।

# श्री सुहजनी वाली माता का मंदिर आस्था का केन्द्र

**मझौली,नवभारत।** जिले के ग्राम सुहजनी में 100 वर्षों से जारी है देवी की दिव्य उपासना जबलपुर जिले के मझौली नगर से सटे ग्राम सुहजनी में स्थित श्री सुहजनी वाली माता का मंदिर न केवल आस्था का केंद्र है, बल्कि एक अलौकिक चमत्कार की साक्षी भूमि भी है। यहां प्रतिवर्ष नवरात्रि के अवसर पर देवी के तीन स्वरूप महालक्ष्मी, महाकाली और महासरस्वती- की प्रतिमा स्थापित की जाती है, जिसकी परंपरा पिछले 100 वर्षों से अक्षुण्ण रूप में चली आ रही है।

### एक बुजुर्ग और तीन कन्याओं की लीला बनी आस्था का आधार

करीब सौ वर्ष पूर्व, गांव के एक गरीब बुजुर्ग प्रतिदिन भोर में 3 बजे जंगल जाकर महुआ बीनते थे। एक दिन उन्होंने देखा कि एक महुआ के पेड़ पर तीन कन्याएं झूला झूल रही थीं। भीषण जंगल में यह दृश्य देखकर बुजुर्ग अचंभित रह गए। पूछने पर कन्याओं ने कहा कि वे आसपास के गांव की हैं और झूला झूलने आती हैं। उन्होंने बुजुर्ग से वादा किया कि अगर वह उन्हें रोज झूला झुलाएंगे, तो वे प्रतिदिन उन्हें एक टोकरी महुआ नि:शुल्क देंगी, लेकिन यह बात किसी को बताने से मना किया।यह सिलसिला चलता रहा और बुजुर्ग महुआ बेचकर जीविका चलाने लगे। गांव के अन्य लोगों को जब यह बात खटकी, तो उन पर महुआ चोरी का आरोप लगाया गया। अपनी सफाई में जब बुजुर्ग ने तीन कन्याओं की बात बताई, तो लोग विश्वास नहीं कर पाए। लेकिन जब सभी को साथ लेकर वह महुआ के पेड़ के पास पहुंचे, तो कन्याएं अदृश्य थीं, पर एक टोकरी भरा महुआ वहां रखा था।



### देवी के स्वरूप में दर्शन

इसके बाद बुजुर्ग ने निरंतर प्रार्थना की। तब उन्हें स्वप्न में तीनों कन्याओं ने दर्शन दिए और बताया कि वे महालक्ष्मी, महाकाली और महासरस्वती हैं, और इस क्षेत्र में विराजना चाहती हैं। उन्होंने निर्देश दिया कि जहां वे झूला झूलती थीं, वहां की मिट्टी लाकर एक स्थान पर थापें और हर नवरात्र में गांव वालों से एक-एक मुट्ठी मिट्टी लेकर उनकी प्रतिमा बनाएं और स्थापना करें। बुजुर्ग द्वारा मूर्ति बनाना नहीं जानने पर माता ने उन्हें स्वप्न में आदेश दिया कि वे कलकत्ता जाकर एक बंगाली मूर्तिकार से सीखें। वहां पहुंचते ही एक मूर्तिकार स्वयं उन्हें लेने आया और बताया कि उसे भी स्वप्न हुआ था।

### आज भी अद्भुत है यह परंपरा

आज भी सुहजनी गांव में हर वर्ष नवरात्रि पर तीनों माताओं की प्रतिमा उसी प्रकार बनाई जाती है। आश्चर्य की बात यह है कि 100 वर्षों से तीनों मूर्तियों का स्वरूप एक समान बना रहता है जो स्वयं में एक अलौकिक चमत्कार है। विशेष मान्यता है कि जिस स्थान से कालीज रूप में पंडा ग्यारस के दिन चल समारोह प्रारंभ करता है वह स्थान वही है जहां से माता की मिट्टी लाई गई थी - वही स्थान जहां देवियाँ झूला झूलती थीं। नवरात्रि के दौरान यहां हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं और अपनी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। सामुदायिक भवन में आयोजित स्वागत कार्यक्रम में जयसिंह कढ़ोपा,जगदीश इरपचा रंजीत सिंह पार्षद, बेड़ीलाल उत्तम सिंह चापोद ,अज्जू सिंह,छोटेलाल पंचम दादा, राहुल सिंह, योगीराज और आदिवासी समाज और गोड समाज के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# त्वरित हो रहा मामलों का निपटारा, शनिवार को बैठी स्पेशल बेंच

**जबलपुर, नवभारत।** मप्र उच्च न्यायालय को लगभग 4 लाख 82 हजार 627 कुल लंबित मुकदमों के बोझ से निजात दिलाने के लिए युद्ध स्तर पर प्रयास जारी हैं। इस अभियान के अंतर्गत निरंतर शनिवार को आठ विशेष पीठों ने 296 प्रकरणों का निराकरण करने का आदर्श प्रस्तुत किया। जबकि आठ विशेष पीठों ने जमानत अर्जियों को सुना। शेष दो नियमित पीठों के समक्ष सर्विस व अवमानना के प्रकरण सुने गए। दरअसल, मप्र उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा के निर्देश पर इन विशेष पीठों का गठन किया गया है। शनिवार को आठ विशेष पीठों ने 866 जमानत के मामलों पर सुनवाई की। इनमें से 296 मामले निराकृत कर दिए गए। वहीं, सेवा संबंधी मामलों की सुनवाई कर रही दोनों बेंचों ने 41 मामलों का निराकरण किया। इस तरह एक दिन में ही 337 लंबित मामलों का पटाक्षेप कर दिया गया।

बता दे कि मप्र उच्च न्यायालय में लगभग चार लाख 82 हजार 627 केस लंबित हैं। इसमें 2,86, 172 मामले सिविल और 1,96,455 क्रिमिनल के हैं। कुल क्रिमिनल मामलों में शून्य से 10 साल पुराने 1,34,524 केस, 11 से 25 साल पुराने 59,424 केस और 25 साल से भी ज्यादा पुराने केसों की संख्या 2,507 है। मप्र उच्च न्यायालय की मुख्यपीठ जबलपुर में तीन हजार मामले अकेले जमानत अर्जियों से जुड़े हैं, जो महीनों से लंबित हैं।

### फैक्ट फाइल

| जज | आवेदन सुने | निराकृत |
|---|---|---|
| न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा | 115 | 55 |
| न्यायमूर्ति एमएस भट्टी | 149 | 51 |
| न्यायमूर्ति प्रमोद कुमार अग्रवाल | 138 | 33 |
| न्यायमूर्ति दीपक खोत | 126 | 33 |
| न्यायमूर्ति हिमांशु जोशी | 103 | 33 |
| न्यायमूर्ति रामकुमार चौबे | 84 | 32 |
| न्यायमूर्ति रत्नेशचंद्र सिंह बिसेन | 48 | 14 |
| न्यायमूर्ति बीपी शर्मा | 102 | 45 |
| **सर्विस मैटर्स के लिए बैठी बेंच** | | |
| जस्टिस डीडी बंसल | 92 | 04 |
| जस्टिस विवेक जैन | 109 | 37 |
| **कुल मामलों पर सुनवाई** | 866 | |
| **निराकृत मामले** | 337 | |

### घर में गिरी महिला, अस्पताल में मौत

**जबलपुर।** हनुमानताल थाना अंतर्गत बडी मदार टेकरी में एक महिला पैर फिसलने से घर पर गिर गई जिसके सिर में गंभीर चोटे आ गई उसे तत्काल उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान उसने दान तोड़ दिया है। पुलिस ने बताया कि बीती रात श्रीमति याशमीन 45 वर्ष निवासी बडी मदार टेकरी हनुमानताल की घर में गिर गई थी जिसे सिर में चोट आ गई थी महिला को उपचार के लिए बेटी फिजा, मन्तशा एव जोया ने मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया था जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम के लिए भिजवाते हुये मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

# पुलिस आपकी मित्र है कोई समस्या हो तो तुरंत बताये

▸ स्कूली छात्र-छात्राओं को संविधान व मौलिक अधिकारों के साथ गुड-बैड टच बताये



**जबलपुर।** बाल मित्र योजना अंतर्गत स्कूली छात्र-छात्राओं को चौकी बरगी नगर में आमंत्रित कर संविधान व मौलिक अधिकारो, कर्तव्यो के साथ गुड टच-बैड टच, पॉक्सो एक्ट की जानकारी देते हुये थाने की कार्यप्रणाली एवं पुलिस व्यवस्था से परिचित कराया गया। दरअसल पुलिस मुख्यालय द्वारा बाल मित्र योजना का विशेष अभियान 1 सप्ताह तक चलाये जाने आदेशित किया गया है। जिसके चलते पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय द्वारा के आदेश पर अतिरिक्त पुलिस ग्रामीण सूर्यकांत शर्मा, उप पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्रीमति अकांक्षा उपाध्याय के मार्गदर्शन में बाल मित्र विशेष अभियान अंतर्गत थाना बरगी चौकी बरगी नगर में चौकी प्रभारी उप निरीक्षक सरिता पटेल द्वारा स्कूली छात्र-छात्राओं को आमंत्रित कर भारतीय संविधान एवं मौलिक अधिकार एवं कर्तव्यों के बारे में जानकारी देकर पुलिस थाना की सामाज में भूमिका कार्य एवं पुलिस स्टेशन में प्रमुख पदों के बारे में बताया गया।

## डॉ. सीबी सिंह का निधन



**जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के पूर्व संचालक विस्तार सेवाएं एवं पूर्व अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय, जबलपुर के सेवानिवृत्त प्राध्यापक प्रखर वक्ता डॉ. सी. बी. सिंह का बुधवार को निधन हो गया, जिनका अंतिम संस्कार ग्वारीघाट में हुआ। आपके निधन से जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय परिवार के लिये ही नहीं बल्कि संपूर्ण कृषि विज्ञान समुदाय के लिये अपूरूणीय क्षति है।

## प्रकाश जैन का निधन



**सिहोरा।** झंडा बाजार वार्ड क्रमांक 5 निवासी प्रमोद जैन,शरद जैन के बड़े भाई एवं विनय जैन के पिता प्रकाश जैन का 73 साल की उम्र में निधन हो गया था। अंतिम संस्कार आज सोमवार को सुबह 9.30 बजे कुर्रे रोड स्थित मुक्तिधाम में किया जायेगा।




